जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

(प्रवेश सत्र 2013-2014)

प्रति, क्र० एफ/प्रवे/2013/767 दिनांक 9.7.2013

प्राचार्य/संचालक

....

....

जीवाजी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध,

समस्त शिक्षा महाविद्यालय (म.प्र.)

विषयः- एम.एड. सत्र 2013-2014 में प्रवेश हेतु।

महोदय,

विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद के निर्णय दिनांक 25.04.2013, बिन्दु क्र. अ.अ-7 के अनुसार सत्र 2013-2014 के लिये एम.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश, विश्वविद्यालय की केंद्रीय प्रवेश समिति द्वारा प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जा रहा है। उक्त निर्णय के सम्बन्ध में आपको पूर्व में भी सूचित किया जा चुका है।

प्रवेश प्रक्रिया के सम्बन्ध में माननीय कुलपति द्वारा अनुशंसित प्रक्रिया निम्नानुसार हैः

1. काउंसिलिंग में शामिल होने वाले सभी अर्हताधारी छात्रों को महाविद्यालय चयन के साथ प्रवेश हेतु रू. 10,000/- का बैंक ड्राफ्ट कुलसचिव जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के नाम लाना होगा। छात्र गण को अपने साथ अपनी अंक सूचियों, प्रमाण-पत्रों आदि की मूल प्रतियाँ जाँच हेतु लाना होंगी। साथ ही वे अपना Admit Card भी साथ लावेंगे।
2. महाविद्यालय चयन के साथ प्रवेश निश्चित होने पर छात्र/छात्रा को सम्बन्धित महाविद्यालय में शेष शुल्क रू.20.000/-+1000/-(कॉशन मनी)=रू. 21,000/- जमा करना होगा।
3. विश्वविद्यालय, प्रवेश प्रक्रिया शुल्क रू. 1000/- प्रति छात्र की दर से कटोत्रा करके शेष रू. 9000/- सम्बन्धित महाविद्यालय को स्थानान्तरित कर देगा।
4. काउंसिलिंग के दौरान छात्र द्वारा चयनित महाविद्यालय में वहां के स्टाफ द्वारा छात्र के मूल दस्तावेजों (Documents/Marksheets/Cartificates etc) का सत्यापन कर प्रवेश सुनिश्चित करना होगा। इस हेतु महाविद्यालय के प्रतिनिधि को उक्त कार्य हेतु निर्धारित स्थान आवंटित किया जावेगा। वहाँ वे अपनी उपस्थिति निश्चित समय पर सुनिश्चित करेंगे।

आपसे अनुरोध है कि दिनांक 16.07.2013 को प्रातः 09:30 बजे से काउंसिलिंग सम्पन्न होगी। आप अपने महाविद्यालय की एक प्रवेश समिति गठित कर उसे गालव सभागार के समीप निर्धारित स्थानों पर प्रवेश हेतु उपस्थित रहने के लिए निर्देशित करने का कष्ट करें। उक्त प्रवेश समिति छात्रों की शैक्षणिक-अर्हता का सत्यापन करेगी तथा काउंसिलिंग समिति द्वारा प्रदत्त काउंसिलिंग स्लिप के आधार पर निर्धारित शुल्क जमा कर छात्रों को प्रवेश देना सुनिश्चित करेगी। चूँकि विश्वविद्यालय का यह प्रथम प्रयास है। आशा है कि हमें आपका पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा तथा हम सब अपनी प्रवेश प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी रख कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करेंगे ताकि भविष्य में कोई भी विधिक समस्या उत्पन्न न हो।

(कुलसचिव)

कुल सचिव
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

प्रतिलिपिः

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. सहा. कुलसचिव लेखा, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. प्रशासन विभाग, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

(कुलसचिव)

कुल सचिव
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर